# महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान
(शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था)
वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पोस्ट जवासिया, उज्जैन –456006 (म.प्र.)
**Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan**
(An autonomous organisation under Ministry of Education, Govt. of India)
Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN- 456006 (M.P.)


प.सं. 4-3/2023(शै.)/मसारावेसंशिबो/ दिनांक:06/01/2024

## अधिसूचना

**वेद गुरु शिष्य इकाई में अध्ययनरत एक या अधिकतम दो छात्रों के लिए अनुदान रहित बाह्य-परीक्षा-प्रणाली योजना में महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड से परीक्षा आयोजित करने के सम्बन्ध में। (कोई अनुदान देय नहीं होगा)**

देशभर के अलग-अलग राज्यों में मूल वेद संहिता के विद्वान/वेद पण्डित अपने समक्ष छात्र को रखकर गुरू-शिष्य-परम्परा में वेदाध्ययन कराते हैं। ऐसे वेद अध्यापक **अनुदान रहित बाह्य परीक्षा प्रणाली में** परीक्षा शुल्क के साथ **महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड, उज्जैन द्वारा आयोजित वेद-भूषण प्रथम वर्ष परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड, उज्जैन से परीक्षा आयोजन हेतु आवेदन प्रतिवर्ष करना होगा।**

**बाह्य परीक्षा प्रणाली में छात्र को केवल महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति होगी। किसी अन्य बोर्ड से सम्बद्धता होने या अन्य बोर्ड की परीक्षा में सम्मिलित होने पर महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड, उज्जैन से सम्बद्धता निरस्त कर दी जाएगी। छात्र केवल एक ही बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पात्र होंगे। इस आशय का संलग्न प्रपत्र-'A' अनुसार एक शपथ-पत्र** (Affidavit) अभिभावक को गुरूजी से अध्ययन योग्यता सत्यापित करवाकर देना होगा।

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड द्वारा **अनुदान रहित बाह्य परीक्षा प्रणाली में** परीक्षा शुल्क 300/- **रूपए** प्रति छात्र प्राप्त हो जाने के उपरान्त ही छात्र की परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। इसी क्रम में महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड, उज्जैन की आयोजित प्रथम बैठक के निर्देशानुसार **अनुदान रहित बाह्य परीक्षा प्रणाली में महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड** द्वारा आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए वार्षिक परीक्षा शुल्क 300/- **रूपए** प्रति छात्र जमा कराए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**परीक्षा शुल्क हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र:** प्रतिष्ठान की वेबसाइट www.msrvvp.ac.in पर परीक्षा शुल्क जमा करके ऑनलाइन परीक्षा फार्म प्रेषित किए जा सकते हैं। **परीक्षा शुल्क** RTGS/NEFT **द्वारा** MSRVVP-MSRVSSB, **केनरा बैंक, चिन्तामण जवासिया, उज्जैन के खाता संख्या:-** 110102630290, IFSC **कोड:-** CNRB0005679 **में देय रहेगा ।**

**महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड के आदेश से जारी।**

6.1.2024

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव

प्रतिलिपि : (1) सहायक निदेशक, मसारावेविप्र, उज्जैन
(2) प्रतिष्ठान से अनुदानित समस्त वेदपाठशालाओं/इकाइयों/रा.आ.वे.वि. में अध्ययनरत छात्रों/अध्यापकों की सूचनार्थ प्रतिष्ठान की वेबसाईट पर प्रकाशनार्थ ।
(3) कार्यालय आदेश पत्रावली ।

प्रपत्र - A

**स्व-प्रमाणित शपथ-पत्र (100 रूपए के स्टाम्प पेपर पर)**

गुरू-शिष्य-परम्परा में गुरू/अध्यापक द्वारा एक अथवा दो छात्र के बाह्य-परीक्षा-प्रणाली में परीक्षा हेतु

## - अध्ययन प्रमाण -

मैं ........................................................ पुत्र/पुत्री/पति श्री .......................................................
जन्म-दिनांक ............................... ने मैंरे बालक/बालिका नाम ........................................................... का
वेद-पाठशाला/गुरू-शिष्य-परम्परा में गुरू का नाम ........................................................................... पूरा पता
........................................................... जिला ...................... पिन कोड ............... राज्य ....................
में महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान के पाठ्यक्रमानुसार वेदाध्ययन एवं आधुनिक विषय के अध्ययन हेतु भेजा गया। अध्ययनरत बालक/बालिका ने गुरूजी के समक्ष उपस्थित रहकर प्रतिष्ठान द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रमानुसार अध्ययनरत किया हैं। इनकी परीक्षा महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान-महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड, उज्जैन द्वारा परीक्षा आयोजित करने का अनुरोध करता/करती हूँ। मैं यह शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि शपथ-पत्र में दिए गए तथ्य एवं विवरण सत्य एवं सही है। यदि इस घोषणा पत्र में मिथ्या पाई जाती है तो मैंरे विरूद्ध प्रतिष्ठान द्वारा लिया गया निर्णय मुझे मान्य होगा। साथ ही मेरे द्वारा आवेदित बालक/बालिका के प्रवेश पत्र / परीक्षा को निरस्त माना जाएगा। विवरण निम्नानुसार है:-

7. यहकि मुझे/गुरू/अध्यापक/वेदाध्यापक/बालक/बालिका को महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान द्वारा उक्त परीक्षा हेतु किसी भी प्रकार का मानदेय अथवा छात्रवृत्ती देय नहीं है एवं बालक/बालिका भी अनुदानरहित ही रहेगा/रहेगी।
8. यह भी शपथकर्ता को ज्ञात है कि केवल महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन - महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड, उज्जैन द्वारा बालक/बालिका की वेद / आधुनिक विषयों की लिखित एवं मौखिक परीक्षा शैक्षणिक सत्र 2023-24 आयोजित कराई जाएगी।
9. यह भी शपथकर्ता को ज्ञात है कि अनुदान रहित बालक/बालिका को गुरु/वेदाध्यापक द्वारा बोर्ड की आयोजित परीक्षाओं में सम्मिलित हो होने के लिए महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड, उज्जैन से प्रतिवर्ष आवेदन करना होगा।
10. यह भी शपथकर्ता द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि अध्ययनरत बालक/बालिका का केवल महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड, उज्जैन से ही वेद एवं आधुनिक विषय की परीक्षा शैक्षणिक सत्र 2023-24 हेतु आवेदन किया गया है। अन्य बोर्ड से सम्बद्धता नहीं ली गई है एवं अन्य किसी बोर्ड/संस्था की परीक्षाओं में सम्मिलित नहीं हो रहे/रहा हैं।

शपथकर्ता छात्र के अभिभावक के हस्ताक्षर ...................... पूर्ण पता (पिन-कोड सहित) ............................

आधार कार्ड क्रमांक :- ........................ ..............................................................

सत्यापनकर्ता गुरू/अध्यापक के हस्ताक्षर ...................... पूर्ण पता (पिन-कोड सहित) ............................

आधार कार्ड क्रमांक :- ........................ ..............................................................

दिनांक :- ........................